गांव पवांसा में रामलीला प्रारंभ होने से पहले पूजा अर्चना करते भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह। संवाद

संभल में रामलीला मंचन से पहले पूजन करते अतिथिगण। संवाद

रामलीला में नारद मोह और सीता जन्म का हुआ मंचन

देर रात तक मौजूद रहे श्रद्धालु, सीता जन्म पर मिथिला में खुशहाली का किया गया सजीव मंचन

राम लीला

संवाद न्यूज एजेंसी

खासपुर। विकासखंड क्षेत्र के गांव खासपुर में शुक्रवार रात आदर्श रामलीला में नारद मोह और सीता जन्म लीलाएं दिखाई गईं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक मौजूद रहे।

मंचन की शुरुआत नारद मोह प्रसंग से हुई। नारद की तपस्या से इंद्र का सिंहासन डोलने लगा। कामदेव भी नारद की तपस्या भंग नहीं कर पाए, जिससे उन्हें अहंकार हो गया। भगवान विष्णु ने नारद का अभिमान दूर करने का निश्चय किया।

उन्होंने अपनी माया से एक नगर रचा, जहां राजकुमारी विश्वमोहिनी का स्वयंवर था। नारद ने सुंदर रूप मांगा, पर भगवान ने उन्हें वानर रूप दिया। राजकुमारी ने भगवान विष्णु को जयमाला पहनाई, जिससे नारद क्रोधित हो गए। नारद ने भगवान विष्णु को श्राप दिया, जिसके बाद उन्हें अपनी भूल का पश्चाताप हुआ।

इसके बाद सीता जन्म की लीला का मंचन हुआ। मिथिला में वर्षा न होने पर राजा जनक ने ऋषियों की सलाह पर खेत में हल चलाया। हल की नोक से एक दिव्य संदूक में सुंदर कन्या मिली, जिसका नाम सीता रखा गया। राजा जनक ने उसे पुत्री के रूप में अपनाया, जिससे मिथिला में खुशहाली और वर्षा हुई।

मंचन के दौरान कमेटी अध्यक्ष कल्लू सिंह, डॉ. पान सिंह, बच्चन सिंह, बंटी ठाकुर, किशनलाल सिंह, वेदपाल सिंह, कुलदीप तोमर आदि रहे।

श्रीराम ने उठाया धनुष, सीता ने पहनाई वरमाला

गवां में लीला का मंचन करते कलाकार। संवाद

गवां। कस्बा में शनिवार रात रामलीला के दौरान धनुष यज्ञ का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम ने शिव धनुष उठाया और माता सीता ने उन्हें वरमाला पहनाई। राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर का आयोजन किया था। उन्होंने प्रण लिया था कि शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने वाले से ही सीता का विवाह होगा। कई शक्तिशाली राजाओं के असफल होने पर जनक निराश हुए। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष उठा लिया। प्रत्यंचा चढ़ाते वक्त वह टूट गया। धनुष टूटने की गड़गड़ाहट से तीनों लोक गूंज उठे। इसके बाद सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला पहनाई। क्रोधित परशुराम का प्रवेश हुआ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने दर्शकों में रोमांच भर दिया। रजपुरा में भी रामलीला का मंचन हुआ, जिसका बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। संवाद

श्रीराम के जन्म पर छाई खुशियां

हजरतनगर गढ़ी में रामलीला का मंचन करते कलाकार। संवाद

सिरसी। हजरतनगर गढ़ी में चल रही रामलीला में शनिवार रात श्री राम जन्मोत्सव का भव्य मंचन किया गया। राम जन्म की लीला देखते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और दर्शक भाव-विभोर हो गए। लीला में दिखाया गया कि रावण के अत्याचारों से त्रस्त देवी-देवताओं ने भगवान विष्णु की स्तुति की। विष्णु ने अयोध्या में राजा दशरथ के यहां मनुष्य रूप में अवतार लेने का आश्वासन दिया। दूसरी ओर, राजा दशरथ पुत्र प्राप्ति के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करा रहे थे। यज्ञ कुंड से अग्नि देव प्रकट हुए और उन्होंने राजा दशरथ को प्रसाद दिया। यह प्रसाद तीनों रानियों को खिलाने के लिए कहा गया। इसके बाद भगवान राम के जन्म का मंचन किया गया। पूरे पंडाल में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर भीष्म कुमार शर्मा, देवेंद्र फौजी, रजत चौधरी, अशोक कुमार, विपिन शर्मा, सोनू चौधरी, प्रथी पाल सिंह, भूरे चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। संवाद

संभल में रामलीला शुरू नारद मोह का मंचन हुआ

नगर पालिका के मैदान में शुरु हुई श्री रामलीला

संभल। नगर पालिका के मैदान में श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला शुरू हो गई है। इसका उद्घाटन अरविंद अरोरा, प्रवीन रस्तोगी और नरेश यादव ने किया। पहले दिन नारद मोह का मंचन किया गया।

कलाकारों ने नारद मोह की कथा का मंचन कर दिखाया। इसमें भगवान विष्णु ने नारद के घमंड को तोड़ने के लिए उन्हें वानर का मुख दिया। नारद हिमालय की एक गुफा में ध्यान लगाकर तपस्या कर रहे थे। उनकी तपस्या से इंद्र का सिंहासन हिल गया। इंद्र ने कामदेव को उनकी तपस्या भंग करने भेजा।

कामदेव इसमें विफल रहे। इससे देवऋषि नारद को अभिमान हो गया। उनका घमंड समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने अपनी माया से एक सुंदर कन्या प्रकट की। नारद ने उस कन्या से विवाह करने का आग्रह किया। विवाह से पहले नारद ने भगवान विष्णु से उन्हें एक सुंदर रूप प्रदान करने की प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु ने उन्हें बंदर का मुख दे दिया। नारद ने भगवान को श्राप दिया। नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने कहा कि रामलीला का मंचन ऊर्जा, अनुशासन, परंपरा, श्रद्धा और भक्ति के साथ होगा।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता पोली, भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, राजेश सिंघल, उमेश चंद सक्सेना, विनय गुप्ता, शोभित शास्त्री, विशाल शर्मा, सौरभ त्यागी, दिनेश कुमार और राहुल शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। संवाद

गांव सौंधन में रामलीला मंचन से पहले फीता काटते अतिथिगण। स्रोत : आयोजक

नारद मोह का प्रसंग देख दर्शकों ने बजाईं तालियां

सौंधन। गांव में शनिवार की रात्रि नारद मोह के मंचन के साथ रामलीला शुरू हो गई। रामलीला कमेटी के संरक्षक शिवनारायण यादव ने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ शुभारंभ कराया।

कलाकारों ने नारद मोह प्रसंग का मंचन किया। जिसे देख दर्शकों ने तालियां बजाईं। अतर सिंह के निर्देशन में यह प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इसमें नारद मुनि के अहंकार और भगवान विष्णु की माया का चित्रण था। राजकुमारी विश्व मोहिनी के स्वयंवर में नारद को वानर का मुख मिला। स्वयंवर में उपहास होने पर नारद ने भगवान विष्णु को श्राप दिया। श्राप के अनुसार, विष्णु को मनुष्य रूप में पत्नी वियोग सहना होगा। वानर ही उनकी सहायता करेंगे। यह श्राप ही भगवान श्रीराम के अवतार और रामायण की कथा का आधार बना।

रामलीला के दौरान कमेटी के अध्यक्ष शिवनारायण यादव, महेंद्र शर्मा, धर्मेश यादव, सुनील सिंहल, सतीश यादव, बनवारी यादव भूरे सिंह, डब्लू यादव, प्रेम सिंह राजपाल यादव, दिनेश यादव, सरपंच यादव रहे। संवाद

बहजोई में पुराना बाजार की श्री रामलीला मंच पर पूजन करतीं राज्य मंत्री गुलाब देवी।

पुराना बाजार की श्रीरामलीला का हुआ शुभारंभ

बहजोई। पुराना बाजार संभल रोड पर श्रीरामलीला मंचन का गणेश पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। शनिवार को रात करीब नौ बजे राज्यमंत्री गुलाब देवी ने श्रीरामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मंच पर हवन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर श्रीरामलीला का विधिवत शुभारंभ किया। श्रीरामलीला मंडल के कलाकारों ने देशभक्ति और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने नारद मोह लीला का बेहतरीन मंचन किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू और भाजपा नेता विकास वार्ष्णेय उपस्थित थे। संरक्षक कपिल गुप्ता, अध्यक्ष कपिल वार्ष्णेय, डॉ. राजीव वार्ष्णेय और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। संवाद

हजरतनगर गढ़ी में रामलीला का मंचन करते कलाकार। संवाद

स्विमिंग चैंपियनशिप में चंदा ने जीते पदक

चंदौसी। नगर की चंदा देवी ने बेंगलुरु में आयोजित एशियन मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप में कांस्य और रजत पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 4 से 10 अक्तूबर तक आयोजित की गई थी। इसमें देश-विदेश के करीब 1500 तैराकों ने हिस्सा लिया।

चंदा देवी ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में कांस्य और रजत पदक हासिल किए। उन्होंने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतना उनके लिए एक खास उपलब्धि है। इससे पहले सितंबर में उन्होंने हरियाणा में नेशनल मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप में भी स्वर्ण और रजत पदक जीते थे। वह राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में भी पदक जीत चुकी हैं। संवाद

गुरु जंभेश्वर विवि में सेमेस्टर के हिसाब से तय किए गए को-कॅरिकुलर विषय

मुरादाबाद। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में स्नातक में को-कॅरिकुलर विषयों और रिसर्च प्रोजेक्ट को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति अब खत्म हो जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दे दिए हैं।

प्राचार्यों का कहना है कि इससे अब विद्यार्थी एक जैसे विषय पढ़ सकेंगे और कॉलेजों को परीक्षा करवाने में भी आसानी रहेगी। उत्तर प्रदेश शासन ने दो सितंबर 2024 को एफवाईयूपी (फोर्थ ईयर अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम) के तहत आदेश दिया था लेकिन बहुत से कॉलेजों में को-कॅरिकुलर विषयों के सेमेस्टर-वाइज बंटवारे को लेकर असमंजस की स्थिति थी। प्राचार्यों का कहना है कि विषय निर्धारित नहीं होने के कारण छात्रों को समझ नहीं आ रहा था। विद्यार्थी अपने हिसाब से विषयों का चुनाव कर लेते थे। ऐसे कई बार ऐसी भी परिस्थितियां आईं, जबकि पूरी परीक्षा में दो से पांच विद्यार्थी ही पंजीकृत रहे। प्राचार्यों के अनुसार इससे अतिरिक्त श्रम और समय दोनों ही लग रहा था। ब्यूरो

रिसर्च प्रोजेक्ट को लेकर भी थी उलझन

प्राचार्यों का कहना है कि सबसे बड़ी उलझन रिसर्च प्रोजेक्ट (शोध परियोजना) को लेकर थी। कुलसचिव गिरीश कुमार द्विवेदी द्वारा जारी पत्र के बाद स्थिति साफ हो गई है। स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष के बाद ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थी अपने द्वारा चयनित दो मेजर विषयों में से किसी एक विषय से संबंधित तीन क्रेडिट का एक रिसर्च प्रोजेक्ट करेंगे।

को-कॅरिकुलर पहले से ही निर्धारित है। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भी यही लागू हैं। प्राचार्यों में इन्हें लेकर असमंजस था। उसे दूर करने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। - **गिरीश कुमार द्विवेदी**, कुलसचिव, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय

कार्यालय जिलाधिकारी / लाइसेंस प्राधिकारी, सम्भल

संख्या- 154/ आबकारी / देशी शराब दुकान / व्यवस्थापन / 2026-27 / दिनांक: 09.10.2026

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद सम्भल की देशी शराब की फुटकर दुकान - बहजोई अड्डा, चन्दौसी जनपद - सम्भल का 14 दिवस (दिनांक 13.10.2026 से 26.10.2026 तक) की अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए आगणित देयताओं पर ऑफर दिनांक 12.10.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। दो या दो से अधिक समान ऑफर प्राप्त होने पर सार्वजनिक लाटरी के माध्यम से दुकान का व्यवस्थापन कराया जायेगा। आवेदक द्वारा आवेदन करते समय प्रार्थना पत्र के साथ आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं एक फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। दिये गये ऑफर में अंकित बेसिक लाइसेंस फीस की धनराशि चयन के पश्चात् आवंटी द्वारा आनलाइन जमा करनी होगी। चयन के पश्चात् लाइसेंस फीस के 1/10 भाग के बराबर प्रतिभूति धनराशि का बैंक ड्राफ्ट / बैंक गारन्टी (जो जिला आबकारी अधिकारी, सम्भल के नाम देय होगा), जमा करना होगा। प्राप्त ऑफर दिनांक 12.10.2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सम्भल में खोले जायेंगे। दुकान का विवरण निम्नवत् है:-

दुकान का नाम / शॉप आई.डी.	वार्षिक एम०जी०क्यू०	01 दिन का एम०जी०क्यू०	14 दिन का एम०जी०क्यू० (100 के गुणांक में)	14 दिन के लिए बेसिक लाइसेंस फीस (रू.1000 के गुणांक में)
देशी शराब दुकान- बहजोई अड्डा, चन्दौसी, जनपद-सम्भल (21139)	222800 ब०ली०	611 ब०ली०	8600 ब०ली०	रू.2,76,000/-

इच्छुक व्यक्ति अपना ऑफर दिनांक 12.10.2026 के पूर्वान्ह 11:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जनपद सम्भल में प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी या क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार विद्यार्थी)
जिला आबकारी अधिकारी,
सम्भल

(अंकित खंडेलवाल)
जिलाधिकारी/ लाइसेंस प्राधिकारी
सम्भल

EDUCATION HUB

मुरादाबाद पॉलीटैक्निक इन्स्टीट्यूट
College Code 1509
ADMISSION OPEN : 2026-27
कोर्सेज :- • सिविल इंजी • कम्प्यूटर इंजी. • मैकेनिकल इंजी. • इलेक्ट्रीकल एंड इलेक्ट्रोनिक्स इंजी.
पी.जी. कोर्सेज :- • कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग • इंडस्ट्रीयल सेफ्टी
100% रोजगार के अवसर
75% मार्क्स प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं केवल 30000/- मे पूर्ण पॉलीटैक्निक करें-
MPI PVT ITI Trade : •Electrician •Fitter •Diesel Mechanic •Health & Sanitary
College Code 4048
मुरादाबाद आयुर्वेदिक चिकित्सा संस्थान
प्रवेश प्रारम्भ 2026-27 D.Pharma/G.N.M.
Institute Code 235 शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट (50% अंकों के साथ उत्तीर्ण)
9027739277, 9690511744, 9412310617, 8979335956

संजीवनी

यौन समस्याओं से पीड़ित रोगियों का सफल इलाज
हैरतअंगेज़ ताकत जो आपको शर्मिन्दगी, कमजोरी से छुटकारा दिलाये। अभी फोन करें या आज ही मिलें।
hashmi.com
हाशमी
Hashmi Pharmacy
दवाखाना अमरोहा–UP
गुप्त रोगो से पीड़ित
9027281900-9917202966

Medical Helpline

धन्यवाद मुरादाबाद हमारे क्षेत्र में
No.1 BRAND बनाने के लिए
GOLDEN PILL TABLET
केवल वही टैबलेट जो आपके सुखद पलों की अवधि (समय) बढ़ाए
साथ ही आपकी आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) को बढ़ाए दैनिक, मासिक या साप्ताहिक
समय बढ़ाए असर दिखाएँ 7 दिनों तक
FYA USA देख कर ही ले
नकली मिलती-जुलती दवा आपको भयंकर नुकसान पहुँचा सकती है।
आज ही अपने डॉक्टर या कैमिस्ट से परामर्श करें।
अधिक जानकारी के लिए अभी कॉल करें
9358 288 428

पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

सीओ-एसएएम; सर्कल कार्यालय: बुलंदशहर,
पता: यमुनापुरम, बुलंदशहर, उ.प्र.-203001
Mob: 9229756996, Phone: 05732-281724, e-mail: cobsrsamd@pnb.bank.in; CS8212@pnb.bank.in

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 व 9 के तहत जन साधारण हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु जन सूचना

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा जन साधारण एवं विशेषतः ऋणकर्ता(ओं) व गारंटरों(ओं) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी गई/प्रभारित निम्न उल्लेखित अचल संपति, जिसका निर्माणात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक कब्जा इस बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसे संबंधित ऋणकर्ताओं व गारंटरों से बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता की बकाया देय राशि की वसूली के लिए यहां निम्न उल्लेखित तालिका में उल्लेखितानुसार तिथि को **"जैसे हैं जहां है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर"** बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि जमा संबंधित संपतियों के प्रति निम्न तालिका में उल्लेखितानुसार है।

प्रत्याभूतित परिसंपतियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम / एकाऊंट का नाम / ऋणकर्ता/गारंटरों खाता का नाम एवं पता	रेहन रखी गई अचल संपत्तियों का ब्यौरा/मालिक का नाम (संपत्ति(यों) के रेहनकर्ता)	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि / बी)------- को बकाया राशि / सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि / डी) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/ निर्माणात्मक	ए) आरक्षित मूल्य राशि रू. में / बी) ईएमडी / सी) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	प्रत्याभूतित ऋणदाताओं को ज्ञात ऋणभार की जानकारी
1.	**पीएनबी चंदौसी बैंक रोड** **श्री राज कुमार सिंह पुत्र ज्ञान सिंह एवं राज बाला पत्नी ज्ञान** सिंह निवासी मोहल्ला चुन्नी, चंदौसी, सम्भल-244412	श्री राज कुमार सिंह सुपुत्र ज्ञान सिंह के नाम में दर्ज क्षेत्र माप 90.38 वर्ग मीटर एवं एसआरओ चंदौसी में बुक सं.-1, जिल्द सं-3562, पेज-61/72, क्रम सं.-547 दिनांक 13.01.2010 में पंजी. मोहल्ला चुन्नी, चंदौसी जिला सम्भल में स्थित सम्पत्ति (भूमि एवं भवन) के सभी जरूरी भाग। **सीमाएं निम्न अनुसार हैं** : पूर्व-निरंकार शंकर की सम्पत्ति, पश्चिम-अरविंद कुमार का घर, उत्तर-सुरेश चन्द्र का घर, दक्षिण-रास्ता-14 फुट चौड़ा।	A) 03.05.2021 B) Rs. 11,19,529.24/- + उसपर भावी ब्याज C) 11.08.2021 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 19,92,000/- B) Rs. 1,99,200/- C) Rs. 10,000/-	**27.10.2026** पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
2.	**पीएनबी-बहजोई** **बलराम सिंह सुपुत्र हरिकेश सिंह** निवासी नयी बस्ती दुर्गा कालोनी इस्लाम नगर, बहजोई, तहसील चंदौसी, जिला सम्भल	बलराम सिंह सुपुत्र हरिकेश सिंह के नाम में दर्ज एसआरओ चंदौसी, माप क्षेत्र 82.56 वर्ग मी. के साथ बही सं. 01, जिल्द सं. 7180, पृष्ठ सं. 71 से 110, क्र.सं. 696, दि. 18.01.2016 में दर्ज बहजोई बहार चुंगी, तहसील-चंदौसी जिला सम्भल उ.प्र., जोकि गाता सं. 914 का भाग है, पर स्थित संपत्ति का सभी जरूरी भाग। **सीमाएं हैं:-**पूर्व : मृदुला का मकान, पश्चिम : अनार कली का प्लॉट, उत्तर : 12 फुट चौड़ा रास्ता, दक्षिण : इन्द्रावती का प्लॉट ***टाइटल डीड अनुसार संपत्ति का विवरण**	A) 04.07.2022 B) Rs. 15,77,984.50/- + उस पर ब्याज C) 09.12.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 20,57,000/- B) Rs. 2,05,700/- C) Rs. 10,000/-	**27.10.2026** पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
3.	पीएनबी-चंदौसी एमजी **गीतांजलि अरोड़ा पत्नी विजय कुमार अरोड़ा** **विजय कुमार अरोड़ा पुत्र अशोक कुमार अरोड़ा** निवासी 08 भगवत नगर, सुभाष रोड तहसील- चंदौसी, जिला संभल उत्तर प्रदेश -244412	मोहल्ला मुरादाबाद गेट, चंदौसी, जिला संभल में स्थित संपत्ति का वह भाग, जो बुक संख्या 01, जिल्द संख्या 8547, पृष्ठ संख्या 323 से 372, क्रमांक संख्या 6540, दिनांक 17.05.2018, एसआरओ चंदौसी में दर्ज है, कुल क्षेत्रफल 27.43 वर्ग मीटर है और श्रीमती गीतांजलि अरोरा पत्नी विजय कुमार अरोरा के नाम पर है। **सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में** अनुराग अग्रवाल और अन्य की संपत्ति, **पश्चिम में** सरकारी सड़क/रास्ता। उत्तर-प्रॉपर्टी मनोहर अरोड़ा की, दक्षिण-प्रॉपर्टी मधु बिसारिया बदाहू की संपत्ति ईशा कुमार आनंद और अन्य	A) 25.07.2022 B) Rs. 15,59,131.90/- + उस पर ब्याज C) 23.03.2023 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 34,81,000/- B) Rs. 3,48,100/- C) Rs. 10,000/-	**27.10.2026** पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए

नियम एवं शर्तें : यह बिक्री प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्न अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी : 1. सम्पत्तियों की बिक्री "जैसे हैं जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर" पर की जाएगी। 2. उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परन्तु प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। 3. बिक्री वेबसाईट https://BAANKNET.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के जरिये अधोहस्ताक्षरी द्वारा 24.09.2026 @ पूर्वा. 11.00 बजे की जाएगी। 4. बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया https://BAANKNET.com पर जाएं।

सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 8(6)के तहत संवैधानिक बिक्री सूचना

दिनांक : 09.10.2026, स्थान : बुलंदशहर

प्राधिकृत अधिकारी,प्रत्याभूतित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक, सर्कल सस्त्रा सेंटर, बुलंदशहर